# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र / जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या अगस्त 2024**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र. / मासिक आख्या / 2021** **दिनांक – 01 सितम्बर 2024**

**दिनांक 01.08.2024 को मा0 मुख्यमंत्री, जी उत्तराखण्ड सरकार तथा सचिव, आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा** समय–समय हुयी क्षतियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक गयी गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मानसून अवधि में घटित प्राकृतिक आपदा में तत्काल राहत–बचाव कार्य सम्पादित कर प्रभावितों को शीघ्र राहत राशि वितरित किये जाने एवं क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों के तत्काल पुर्नस्थापना किये जाने के निर्देश दिये गये है।

**दिनांक 01.08.2024 को प्रातः 5:50 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बिशनपुर के पास मलवा आने के कारण अवरुद्ध** हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी से सूचना से अवगत कराते हुये मशीनरी की तैनाती की गयी। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा हेतु पुलिस की सहायता से यातायात को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाया गया है। मार्ग 01 जे0सी0बी0 01 टाटा हिटेची एवं मजदूरो के द्वारा मार्ग को प्रातः 11:09 बजे वाहनो के आवागमन हेतु खोला गया । तद्पश्चात वाहनों को उनके गन्वत्य हेतु भेजा गया।









दिनांक 31.07.2024 से लगातार हुयी भारी बारिश के दृष्टिगत दिनांक 01.08.2024 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र मे उपस्थित रहते हुए आधिकारियों को भारी बारिश के चेतावनी को देखते हुए कियी भी प्रकार की आपदा की स्थिती मे अर्लट मोड पर रहने के निर्देश दिये। एंव भूस्खलन व नदी—नालो के कटाव की संभावना वाले लोगो को समय रहते सुरक्षित स्थानो पर लो जाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।





:: आदेश ::

मानसून अवधि मे भारतीय मौसम विभाग द्वारा समय—समय पर जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार भारी वर्षा की चेतावनी जारी होने अथवा गाड—गदेरों में जल प्रवाह बढ़ने सड़क मार्ग व पैदल मार्ग अवरूद्ध होने से विद्यालयों के छात्र—छात्राओं को उक्त जोखिम से सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालयों व आगनवाड़ी केन्द्रों में आवश्यकतानुसार समय—समय पर अवकाश घोषित किया जाता है।

उक्त के क्रम में मानसून अवधि में अतिवृष्टि, नदी—नालों में पानी बढ़ने एवं भूस्खलन आदि प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों एवं संवेदनशीलता/आवश्यकतानुसार विद्यालय की भौतिक स्थिति के आधार पर तात्कालिक विवेक पूर्ण निर्णय लिये जाने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान की समीक्षा, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र से दूरभाष पर समन्वय/सुझाव प्राप्त कर स्थानीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किये जाने हेतु जनपद स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर निर्णय लिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं आपदा प्रबन्धन अधिकारी समन्वय कर मौसम पूर्वानुमान की समीक्षा एवं अतिवृष्टि आदि प्रतिकूल परिस्थितियों/संवेदनशीलता के दृष्टिगत छात्र—छात्राओं की सुरक्षा हेतु जनपद के समस्त विद्यालयों/आंगणनवाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित करने हेतु अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदनोपरान्त तत्काल अवकाश हेतु निर्णय लिया जायेगा।

(डॉ० मेहरबान सिंह बिष्ट)
अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

कार्यालय— जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

संख्या— 581 /तेरह/आ0प्र0प्राधि0/मानसून—2024—25 दिनांक 27 जून, 2024

प्रतिलिपिः— निम्नांकित के अनुपालनार्थ प्रेषित।

1. उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी/डुण्डा/बड़कोट/पुरोला।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तरकाशी।
3. जिला सूचना अधिकारी, उत्तरकाशी।
4. महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उत्तरकाशी।
5. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद उत्तरकाशी।

अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/
जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी।

CS CamScanner

दिनांक 01.08.2024 प्रातः गंगोरी डोडीताल मोटर मार्ग मलवा आने के कारण अवरुद्व होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही अधि0अभि0 पी0एम0जीएस0वाई के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराते हुए उक्त स्थान के लिए जे0सी0बी0 भेजने को अवगत कराया गया मार्ग को सुचारु किया गया।






**दिनांक 01.08.2024 को भारत मौसम विज्ञान केन्द्र विभाग देहरादून द्वारा दिनांक 02.08.2024 को जनपद उत्तरकाशी** मे कहीं–कहीं भारी से बहुत वर्ष होने की सम्भावना के दृष्टिगत जनपद अन्तर्गत सतर्कता बरते हुए जनपद **आपातकालीन परिचालन केन्द्र उत्तरकाशी मे अपर जिलाधिकारी क**ी अध्यक्षता मे दिनांक 01.08.2024 को अधिकारीयों के साथ गूगलमीट के माध्यम से बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गये।
भारी वर्षा के दृष्टिगत आई0आर0एस0 से सम्बनिधत अधिकारी व विभागिय नोडल अधिकारी एक्टिव मोड पर रहने के निर्देश दिये गये।





**दिनांक 03.08.2024 को समय प्रातः 7:53 बजे संगमचट्टी डोडीताल मोटर मार्ग पर पत्थर आने के कारण मार्ग** अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पी0एम0जी0एस0वाई के अधिकारी/कर्मचारी को सूचना से अवगत कराते हुए उक्त स्थान हेतु जे0सी0बी0 भेजने को सूचित किया गया तथा मार्ग यातायात हेतु सुचारू किया गया।



**दिनांक 03.08.2024 को दोपहर 12:23 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सिलक्यारा और शिव गुफा के पास अवरुद्व होने की सूचना जनपद आपातेकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही निर्माण खण्ड के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सूचित कर जे0सी0बी0 मशिन भेजी गयी मार्ग को दोपहर 1:10 बजे यातायात हेतु सुचारु किया गया । उक्त अवधि में यात्रियों की सुविधा हेतु वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया।**





**दिनांक 03.08.2024 को कॉलर द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचना प्राप्त हुयी कि तहसील** बडकोट के अंतर्गत ग्राम बगासु के नीचे यमुना नदी के बीच मे एक गाय टापू मे फासे होने की सूचना प्राप्त हुयी कन्ट्रो रूम द्वारा तत्काल अग्निशमन विभाग बडकोट, एस0डी0आर0एफ0 बडकोट आदि की तैनाती करवाते हुये गया को सुरक्षित निकाला गया।





**दिनांक 04.08.2024 को रात्रि 8:48 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हाने** की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी से समन्वय किया गया पुलिस के द्वारा रुके वाहनो को सुरक्षित स्थान भेजा रात्रि को अधिक वर्षा एंव दलदल होने के कारण कार्य करने मे कठिनाई हुयी मार्ग को दिनांक 05.08.2024 को प्रातः 9:22 बजे सुचारु किया गया।







**दिनांक 05.8.2024 को प्रातः 10:00 बजे बनचौरा** बणगांव मोटर मार्ग मे कपराडा के ठोडा नामे तोक मे गाडी डाम्फर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालाल केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए पुलिस, 108 एम्बुलेंस को रवाना किया गया। वाहन मे वाहन चालक ही सवार था जिसे सामान्य चोट आयी है।



**दिनांक 06.08.2024 को प्रातः 6:29 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व** हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के साथ समन्वय कर मार्ग को प्रातः 7:17 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 06.08.2024 को रात्रि 8:28 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास दलदल होने के कारण मार्ग** अवरुद्ध हुआ एंव एक वाहन दलदल मे फंसने की सूचना प्राप्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी का जे0सी0बी0 मशीन भेजवाने हेतु अवगत कराया गया 02 मशीनों के द्वारा उक्त स्थान पर कार्य किया गया  मार्ग को दिनाक 07.08.2024 को दोपहर  12:22 बजे सुचारु किया गया।












**<u>दिनांक 06.08.2024 को रात्रि 10:42 बजे गंगोत्री</u>** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान बंदरकोट के पास पेड़ गिरने के कारण अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के अधिकारी एव फायर सर्विस को सूचना से अवगत कराया गया उक्त स्थान पर फायर सर्विस द्वारा पेड़ काट कर हटा दिया गया मार्ग को यातायाम हेतु रात्रि 1:30 बजे सुचारु किया गया



**दिनांक 07.8.2024 को प्रातः 6:09 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बिशनपुर के पास भारी मलवा आने के कारण अवरुद्व** हुआ आपदा प्रबन्धन कन्ट्रेल रुम द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित आधिकारी/ कर्मचारी को अवगत कराया गया । पुलिस एवं अन्य त्वरित कार्यवाही दल के सहायोग से यात्रियों की सुरक्षा हेतु वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया। उक्त स्थान पर 02 जेसी0बी0 मशीन एंव 02 व्हील लोडर एंव मजदूरो के द्वारा मार्ग को दोपहर 3:49 बजे सुचारु किया गया।










**दिनांक 07.08.2024 को महिडांडा रोड पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत व्यावस्था बाधित हुयी एंव मार्ग अवरुद्व होने** की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया एंव एस0डी0आर0एफ0 को पेड काटने के लिए एंव जे0सी0बी0 भेजने हेतु पी0डाब्लू डी0 को सूचित किया गया उक्त टीम के द्वारा मार्ग प्रातः 8:33 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 07.08.2024 को अपर जिलाधिकारी महोदय** द्वारा दिनांक 06.08.2024 की रात्रि को जनपद मे हुयी वर्षा की दृष्टिगत बाधित राष्ट्रीय राजमार्ग एंव अन्य ग्रामिण मोटर मार्ग के सुचारु किए जाने एंव अन्य क्षातियों के संबध मे आपातकालीन परिचालन केन्द्र मे मौजूद रहते हुए पुनर्स्थापना कार्यो की समीक्षा करते हुए संबधित विभागो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।




**दिनांक 07.08.2024 को जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचना प्राप्त हुयी कि 01 गाय और 02 बैल ग्राम** सिरोर तहसील भटवाडी मे भगीरथी नदी के मध्य फंसी हुयी थी आपदा कन्ट्रेल रुम द्वारा अग्निशमन एंव आपदा प्रबन्धन की क्यू0आर0टी0 द्वारा उक्त स्थान पर तीनो पशुओ को सकुशल निकाला गया।





**श्री विनय रूहेला, मा0 उपाध्यक्ष महोदय, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन सलाहकार समिति एवं (पूर्व उपाध्यक्ष** राज्य आयोग, कैबिनेट मंत्री स्तर) उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दिनांक 08 एवं 09.08.2024 को जनपद भ्रमण पर आये। प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार मा0 उपाध्यक्ष द्वारा **दिनांक 09.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे जिला कार्यालय सभागार कक्ष में मानसून तैयारी समीक्षा बैठक आहूत की गयी तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।** जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर मंत्री जी के कार्यक्रमानुसार आवश्यक व्यवस्था की गयी।
**मांत्र मंत्री जी द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा किये जा रहें कार्यो की सरहाना की गयी।**









**दिनांक 09.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे मा0 उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र मे मानसून तैयारी बैठक आहूत की गयी









उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रंबधन सलाहकार समिति द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के कार्यों की प्रंशसा की गयी।

## :: प्रशंसा पत्र ::

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अग्रलिखित कार्मिकों द्वारा दिनांक 08 एवं 09 अगस्त, 2024 को मेरे जनपद उत्तरकाशी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी विभागों से समन्वय कर मानसून अवधि में क्षतिग्रस्त निजी एवं सार्वजनिक परिसम्पत्तियों क्षतियों का विवरण उपलब्ध कराते हुये समस्त त्रूटि रहित व्यवस्था की गयी है। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त केन्द्र में सभी सूचना निर्धारित पंजिका में दर्ज कर तत्काल कार्यवाही की जाती है।

इसके अतिरिक्त जनपद आपदा प्रबन्धन अधिकारी श्री देवेन्द्र पटवाल, के नेतृत्व में आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के कार्यालय सम्बन्धी पत्राचार, लेखा सम्बन्धी कार्य, उपकरणों का रख–रखाव, जनपद अन्तर्गत घटित प्राकृतिक आपदा/सड़क दुर्घटना आदि में खोज–बचाव एवं राहत कार्य, चारधाम यात्रा व्यवस्था सम्बन्धी कार्य, वनाग्नि नियंत्रण सम्बन्धी कार्य, निर्वाचन सम्बन्धी कार्य व इसी प्रकार माह नवम्बर, 2023 में निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों के रेस्क्यू कार्यों एवं सहस्त्रताल में घटित दुर्घटना में फंसे ट्रैकर्स के रेस्क्यू कार्यों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धितों यथा उत्तराखण्ड सरकार/भारत सरकार की विभिन्न संस्थाओं के अधिकारियों एवं जनपद के विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों सहित विभिन्न खोज–बचाव दलों से समन्वय स्थापित कर घटना स्थल पर संसाधनों की आपूर्ति करवाये हुये रेस्क्यू में उत्कृष्ठ कार्य किया गया है। मानसून अवधि में प्राकृतिक आपदा के पश्चात् परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण कार्यों एवं विभागीय समन्वय तथा समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये आदेशों का तत्परता से अनुपालन किया जाता है। उक्त कार्मिकों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों, राजकीय आयोजनों में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि उक्त कार्मिकों द्वारा निष्ठा, श्रद्धा, तत्परता, गम्भीरता एवं कर्मठता के साथ पूर्ण मनोयोग पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित कार्यों में अपना अविस्मरणीय योगदान प्रदान किया जायेगा। मैं इनके कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

1 श्री देवेन्द्र सिह पटवाल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उत्तरकाशी।
2. श्री जय प्रकाश सिंह पंवार, सहायक कन्सलटेंट।
3. श्री केदार सिंह नेगी, ड्यूटी प्रभारी।
4. श्री शार्दुल सिंह गुसांई, कनिष्ठ अभियन्ता।
4. श्री राकेश रावत, सहायक लेखाकार।
5. श्री मस्तान भण्डारी, मास्टर ट्रेनर, खोज–बचाव ।
6. श्री अरविन्द सिंह रावत, कनिष्ठ सहायक।
7. श्री दलवीर सिंह राणा, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर।
8. त्वरित कार्यवाही दल के समस्त सदस्य, जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।
9. समस्त कार्मिक, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।

दिनांक– 09 अगस्त, 2024

विनय रूहेला
उपाध्यक्ष
राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग (स.स.)
उत्तराखण्ड सरकार

(विनय रूहेला)
उपाध्यक्ष,
राज्य आपदा प्रबन्धन सलाहकार समिति
उत्तराखण्ड सरकार।

**दिनांक 09.08.2024 को दोपहर 1:32 बजे यमुनोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर मार्ग को दोनहर 2:10 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 10.08.2024 को प्रातः 6:03 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बिशनपुर एंव नेतला के पास मलवा आने के कारण** अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर मार्ग को नेताला के पास मार्ग को प्रातः 8:23 बजे एंव बिशनपुर के पास प्रातः 10:30 बजे सुचारु किया गया।












**दिनांक 10.08.2024 को प्रातः 8:03 बजें यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सिलक्यारा के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व** हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र निर्माण खण्ड बडकोट के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराते हुए मार्ग को सुचारु करने हेतु जे0सी0बी0 रवाना किया गया मार्ग को प्रातः 8:48 बजे सुचारु किया गया।





दिनांक 10.08.2024 को मुख्य अधिशासी अधिकारी आपदा प्रबन्धन/अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होते हुए वर्षा के कारण बाधित आवश्यक सेवाओं के साथ पेयजल, विघुत एंव सडक संबधित विभागो को बाधित सेवाओ को तत्काल सुचारु करने के निर्देश दिये गये।



दिनांक 10.08.2024 को रात्रि 8:35 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट को सूचना से अवगत कराया गया। मार्ग को सुचारु करने के लिए जे0स0बी0 मशीन के द्वारा रात्रि 9:50 बजे सुचारु किया गया ।




दिनांक 11.08.2024 को प्रातः 6:34 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराते हुए मार्ग को 8:30 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 11.08.2024 को प्रातः 5:34 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग ज्ञानसू ओपन टनल के पास मलवा आने के कारण** मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन के केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराते हुए मार्ग को सुचारु करने हेतु एक व्हील लोडर के द्वारा मार्ग को प्रातः 10:35 बजे सुचारु किया गया ।





**दिनांक 11.08.2024 को प्रातः 6:55 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास मलवा/पत्थर आने के कारण** अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को सुचारु करने के लिए 02 जे0सी0बी0 05 मजदूर के द्वारा सुचारु किया गया सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनो को सुरक्षित स्थानो पर रोका गया मार्ग को प्रातः 11:50 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 11.08.2024 रात्रि 9:11 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निमार्ण खण्ड एंव रानी कन्ट्राक्शन के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को रात्रि 10:23 बजे सुचारु किया गया ।






दिनांक 12.08.2024 को तहसील बडकोट के अन्तर्गत यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग ओरछा बैण्ड के पास समय लगभग प्रातः 10:35 बजे अचानक एक वाहन के उपर पहाडी से पत्थर आने के कारण क्षतिग्रस्त हुआ उक्त वाहन मे कुल तीन लोग सवार थे उसमे से 02 सामान्य घायल हुए तथा वाहन चालक जो कि वाहन के अन्दर फंसा था जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व टीम एंव 108 आपातकालीन सेवा एंव एस0डी0आर0एफ0 की सहायता से वाहन से निकाला गया जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी।





**दिनांक 12.08.2024 को समय करीब 1:20 बजे तहसील डुण्डा अन्तर्गत कु0 सोनम पुत्री सोबन सिंह व श्रीमती** राजेश्वरी पत्नी श्री जगमोहन सिंह ग्राम कुंसी(भाटूसेरा) बरयाली नाकुरी मध्ये नागेश्वर धाम के नीचे भागीरथी नदी मे जल लेने गये आचानक नदी मे बहने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0, पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुए उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया । उप जिलाधिकारी, डुण्डा, राजस्व टीम आपदा प्रबनधन क्य0 आर0टी0टीम मौके पर मौजूद हेतु सर्च अभियान किया गया इसके अतिरिक्त चिन्यालीयौड एस0डी0आर0एफ0 गौताखोर टीम द्वारा भागीरथी नदी क्षेत्र मे सर्च अभियान किया गया ।













**उत्तरकाशी: भागीरथी नदी में ननंद-भाभी की दुर्घटना, खोज और बचाव के लिए प्रयास जारी**

**भागीरथी नदी में ननंद-भाभी की बहने से मचा हड़कंप**





**दिनांक 11.08.2024 को झााला से अवाना बुग्याल ट्रेक पर 06 ट्रेकर 03 गाइड  कुल 09 लोग ट्रेक पर गये थे** दिनांक 12.08.2024 को समय लगभग 4:00 बजे उक्त ट्रेक ग्रुप मे एक महिला गाकीगाड़ को पार करते समय अचानक पैर फिसलने से बहने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए मय उपकरणों सहित राजस्व, उप निरिक्षक झाला, एस0डी0आर0एफ0 भटवाडी, पुलिस कार्मिक हर्षिल, वन विभाग टीम को रवाना हेतु अवगत कराया गया। उक्त के परिजनों के अनुरोध पर पुन दिनांक 14, 15 एंव 16.08.2024 को एन0डी0आर0/त्वरित कार्यवाही दल की तैनाती खोजबीन हेतु की गयी दिनांक 16.08.2024 को दोपहर 3:00 बजे महिला का शव बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त वन विभाग को बिना अनुमति के जाने वाले ट्रोकरों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।













भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में सभी सम्बन्धितों को सूचित कर आम–जनमानस को जागरूक किया गया।



आवश्यक/अति महत्वपूर्ण

कार्यालय–जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

विषय– मौसम पूर्वानुमान के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी।



उत्तराखंड के लिए 5 दिनों की जनपद-स्तरीय मौसम चेतावनी / 5 days District Level Weather Warning for Uttarakh

12.08.2024 | 13.08.2024 | 14.08.2024 | 15.08.2024 | 16.08.2

**दिनांक 12.08.2024 को रात्रि 9:24 बजे यमुनोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी व ब्रहमखाल के बीच मार्ग अवरुद्व होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही निर्माण खण्ड बडकोट एंव रानी कन्ट्रक्शन के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचित कर मार्ग को रात्रि को 10:42 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 13.08.2024 को सांय 5:43 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व** हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को 02 जे0सी0बी0 मशीन के माध्यम से दिनांक 14.08.2024 को प्रातः 2:41 बजे सुचारु किया गया।





**दिनांक 15.08.2024 को प्रातः 6:30 बजे यमुनोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करने हेतु जे0सी0बी0 भेज कर मार्ग को प्रातः 7:07 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 15.08.2024 को प्रातः 6:49 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला, बिशनपुर के पास मलवा आने के कारण** अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केल्द्र द्वार सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धित से समन्वय कर किया गया 02 जे0सी0बी0 मशीन के माध्यम से नेताला के पास प्रातः 7:32 बजे एंव बिशनपुर के पास प्रातः 11:36 बजे सुचारु किया गया।













**दिनांक 15.08.2024 को प्रातः 3:00 बजे ग्राम जखोल** के घोल नामे तोक मे आकाशीय बिजली गिरने से कुछ पशुओ के मरने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही राजस्व उप निरिक्षक सैंज एंव पशुचिकित्सा टीम को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया।



**दिनांक 16.08.2024 को सांय 7:54 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कुथनोर के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व** हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निमार्ण खण्ड बडकोट के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 01 जे0सी0बी0 मशीन एवं मजदूरों के द्वारा दिनांक 17.08.2024 को प्रातः 8:57 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 19.08.2024 को सांय 5:59 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा/पत्थर आने के कारण** मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर किया गया सुरक्षा के दृष्टिगम वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया मार्ग को प्रातः 7:03 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 20.08.2024 को इंद्रावती गाड़ के पास एक व्यक्ति दलवीर गुसांई जोशियाडा द्वारा नदी मे छलांग लगाना** बताया गया जनपद आपातकालीन को सूचना प्राप्त होते ही पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 को घटना स्थल के लिए रवाना कर खोजबीन कार्य किया गया रात्रि होने के कारण खोजबीन कार्य दिनांक 21.08.2024 को किया गया। दिनांक 29.08.2024 को लापता व्यक्ति को पुनः उएस0डी0आर0एफ0 टीम के द्वारा चिन्यालीसौड झील से शव बरामद किया गया।









**नदी में लापता व्यक्ति की ड्रोन कैमरे की मदद से भी विभिन्न जगहों में खोजबीन जारी**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट के आदेश के क्रम में भागीरथी नदी में लापता व्यक्ति की खोजबीन हेतु एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, थाना कोतवाली पुलिस एवं आपदा प्रबंधन मास्टर ट्रेनर/ क्यूआरटी द्वारा अठाली/ चामकोट क्षेत्र से खोजबीन प्रारंभ की जा रही है। आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र सिंह पटवाल द्वारा एक संयुक्त टीम बनाकर सभी टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए। लापता व्यक्ति के परिजनों के अनुरोध पर एसडीआरएफ उजेली एवं आपदा प्रबंधन द्वारा ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी संवेदनशील जगहों पर खोजबीन की जा रही है। खोजबीन के दौरान लापता व्यक्ति के परिजन भी मौजूद है।






दिनांक 23.08.2024 को प्रातः 6ः 18 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग फूलचट्टी के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी से समन्वय किया गया दोपहर 12:45 बजे छोटे वाहनो के लिए मार्ग को सुचारु किया गया।



**गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आपदा प्रबन्धन अनुभाग के संलग्न पत्र संख्या– 33–07/2021–NDM-I दिनांक 14 अगस्त, 2024 के द्वारा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एन0डी0आर0एफ0) के तहत रिकवारी व पुनर्निर्माण हेतु अद्यतन दिशा–निर्देश/मानकों के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता बैठक आहूत कर कार्यवाही की गयी तथा शासन से दिशा–निर्देश निर्गत करने हेतु पत्रालेख किया गया।**

**परिजनों द्वारा दिनांक 24.08.2024 को कॉलर द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचना दी गयी कि** एक महिला प्रातः 11:00 बजे लापत बताई गयी । सूचना प्राप्त होते ही दिनांक 25.08.2024 का प्रातः 8:30 बजे खोजबीन हेतु जनपद आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 टीम, एन0डी0आर0एफ0 टीम सहित एंव एस0डी0आर0एफ0 द्वारा जोशियाडा झील मे बोट के माध्यम से खोजबीन की गयी तथा मनेरा से लेकर डुण्डा तक खोजबीन किया गया। दिनांक लापता महिला का शव बरामत कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।







**उत्तरकाशी के ज्ञानसू से 30 वर्षीय युवती लापता, खोजबीन जारी**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** शनिवार सायं से एक महिला प्रमिला देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी नवीन रावत ग्राम डुंगलागांव ( धनारी ) तहसील डुण्डा हाल निवास वार्ड नंबर 11 ज्ञानसू उत्तरकाशी से करीब सुबह 11:00 से लापता बताई गई है। परिवारजनों को महिला की सामग्री जोशियाड़ा झील भागीरथी नदी के समीप प्राप्त हुई। परिवार जनों सूचना के क्रम में 25 अगस्त को सुबह 8:30 बजे खोजबीन हेतु जनपद आपदा प्रबंध प्राधिकरण के तत्वाधान में एनडीआरएफ इंस्पेक्टर राहुल टीम सहित, एसआई दीप रावत पुलिस कोतवाली उत्तरकाशी टीम सहित, आपदा प्रबंधन मस्तान भण्डारी मास ट्रेनर एवं शिवनारायण भट्ट क्यूआरटी टीम सहित तथा ड्रोन ऑपरेटर अवतार सिंह एसडीआरएफ हेड कांस्टेबल वीरेंद्र पंवार टीम सहित, जोशियाड़ा झील भागीरथी नदी बोट के माध्यम से खोजबीन की जा रही है। साथ ही साथ मनेरा से लेकर डुण्डा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहो पर भी टीमो द्वारा खोजबीन की जा रही है। खोजबीन के दौर लापता महिला के परिजन भी खोजबीन टीमों के साथ मौजूद है।



**दिनांक 24.08.2024 को पुरोला तहयील के सुचाली गांव से 150 मी0 पहले मोरी रोड के पास पिकअप वाहन** अनियन्त्रित होकर सड़क से करीब 80 मी0 नीचे नाले मे गिर गयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा 108 नौगांव एंव पुरोला से भेजी गयी एंव थाना पुरोला पुलिस टीम को रवाना किया गया उक्त वाहन मे 03 लोग सवार थे जिन्हे हल्की चोटे आई जिन्हे 108 सेवा से सी0एच0सी0 पुरोला मे भेजा गया।

**दिनांक 25.08.2024 को प्रातः 8:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के उपरांत लोक निर्माण विभग के नियंत्रणाधीन** फूलचट्टी तीन किलोमीटर मोटर मार्ग मे जानकीचट्टी से 1 किलोमीटर पूर्व अखौरी बैण्ड मे पी0डाब्लू0डी0 के मोटर मार्ग पर लगभग 50 मीटर भाग मे कटाव से क्षतिग्रस्त हुआ । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को अवगत करवाते हुये तत्काल मशीनरी आदि संसाधनों की तैनाती करवाते हुये मार्ग छोटे वाहनो हेतु सुचारु किया गया । उक्त स्थान पर यात्रियों के सुविधानुसार घोडे, पालकी, कंडी आादि मौजूद है यात्रा सुचारु रुप से चल रही ।





**दिनांक 27.08.2024 को रात्रि 8:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे हुयी भारी वर्षा/अतिवृष्टि से जिला मुख्याालय के पास गोफियारा नामे तोक मे पानी बढने से दो तीन घरों मे पानी एंव मलवा आने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही सम्बन्धित राजस्व उप निरिक्षक/नगर पलिका के कार्मिको को अवगत कराया गया। जिनके द्वारा मलवा हटवाया गया। इसके अतिरिक्त सीमा सडक संगठन के सहयोग से मार्ग पर आये मलवे को साफ किया गया।**

रात्रि लगभग 11:00 बजे वरुणावत पर्वत से भूस्खलन/बोल्डर गिरने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन कैन्द्र को प्राप्त होते ही गोफियारा क्षेत्र और कलक्ट्रेंट कालोनी आदि स्थानों पर निवास कर रहे लोगो को सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षित रात्रि को सुरक्षित स्थानो पर भेजा गया। सूचना प्राप्त होते ही जिलााधिकारी महोदय, पुलिस अधिक्षक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीयों द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंच कर हो रहे भूस्खलन के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर प्राभावितो हेतु आवश्यक व्यवस्थायों दिये जाने हेतु सम्बनिधत अधिकारी तथा कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

1– तहसील बडकोट के नौगांव मे राड की नाली का पानी बढ़ने के कारण 02 घरो मे पानी भराने की सूचना प्राप्त होते ही राजस्व उप निरीक्षक व नगर पालिका परिषद से सम्बन्धित कार्मिको को सूचना से अवगत कराया गया।

2–ज्ञानसू मे मैडागाड का नाले का पानी बढने से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये मलवा तथा 02 घरो मे मलवा जानेकी सूचना प्राप्त हुयी उक्त के समबन्ध मे बी0आर0ओ0 राजस्व उपनिरिक्षक नगरपलिका को सूचना से अवगत कराया गया। तहसील भटवाडी के जिला मुख्यालय के पास माण्डो गांव मे गधेरे मे पानी बढ़ने के कारण तेखला मोटर मार्ग व 02 घरो मे मलवा घूसने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते एस0डी0आर0एफ0 एंव पुलिस को सुचना से अवगत कराया गया ।

3–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान नेतला के पास 01 वाहन दलदल मे फसने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित आधिकारी कर्मचारी एंव एस0डी0आर0एफ0, आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 टीम को उक्त स्थान के लिए रिवाना किया गया उक्त वाहन को सुरक्षित निकाला गया। दिनांक 28.08.2024 को जिलााधिकारी महोदय द्वारा गोफियारा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरिक्षण किया गया।

## जनपद उत्तरकाशी के जिला मुख्यालय के पास वरूणावत पर्वत से लगे गुफियारा के पास अतिवृष्टि के कारण हुये भूस्खलन के साथ पत्थर–बोल्डर गिरने आख्या

| क्र.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | घटना का प्रकार | अतिवृष्टि–भूस्खलन / पत्थर–बोल्डर गिरना |
| 2 | घटना स्थल | जिला मुख्यालय के पास गुफियारा |
| 3 | तहसील | उप तहसील जोशियाडा, जनपद उत्तरकाशी। |
| 4 | भूस्खलन क्षेत्र के कॉर्डिनेट | $30^0$ 44'01.54.N 78" 26'37.10" E |

**घटना का विवरणः–**

दिनांक 27.08.2024 को रात्रि लगभग 11:00 बजे जनपद मुख्यालय के पास वरूणावत पर्वत से लगे गुफियारा–जल संस्थान के कॉलानी के पास अतिवृष्टि से भूस्खलन होने के कारण पहाड़ी से बोल्डर पत्थर गिरे।

**उक्त क्षेत्र में निवासरत लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत निम्न कार्यवाही की गयी।**

1. जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त क्षेत्र मे निवासरत परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने हेतु सायरन एवं वॉट्सएप के माध्यम से सचेत किया गया। पुलिस / एस0डी0आर0एफ0 / एन0डी0आर0एफ0 / त्वरित कार्यवाही दल, आपदा प्रबन्धन के माध्यम से लगभग 50–60 परिवारों को रात्रि में सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया।
2. जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, भटवाडी / डुण्डा, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी, उप निदेशक, भू–वैज्ञानिक, जिला टॉस्क फोस / निरीक्षक, एस0डी0आर0एफ0 / टीम लीडर, एन0डी0आर0एफ0 मय टीम के जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा भूस्खलन के सम्बन्ध में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।
3. रात्रि में भूस्खलन क्षेत्र की निगरानी की गयी।
4. उक्त भूस्खलन का मलवा पूर्व में वरूणावत पर्वत उपचार के दौरान लगवायी गयी सुरक्षा रैलिंग में रूकने के कारण आवादी क्षेत्र में नहीं आया।
5. घटना से जन–धन की हानि नहीं हुयी है।
6. उक्त भूस्खलन के कारणों के सर्वेक्षण हेतु उप जिलाधिकारी की अध्यक्षा में निम्न तकनीकी समिति गठित कर तत्काल सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये ह–
    1. उप निदेशक / भू–वैज्ञानिक, जिला टॉस्क फोर्स, उत्तरकाशी।
    2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी।
    3. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी।
    4. उप प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।
    5. नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी नामिति सदस्य।
    6. निरीक्षक, एस0डी0आर0एफ0, उत्तरकाशी।
    7. टीम लीडर, एन0डी0आर0एफ0, उत्तरकाशी।
    8. कनिष्ठ अभियन्ता, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।













| | |
|---|---|
| 2 | **<u>दिनांक 28.08.2024 कार्यवाही–</u>**<br>1 प्रातः उक्त क्षेत्र का जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा ड्रोन सर्वेक्षण किया गया।<br>2. प्रात गठित तकनीकी समिति/एन0डी0आर0एफ0 आदि टीम कन्ट्रोल रूम में उपस्थिति रहते हुये क्षेत्र में हुये भूस्खनल का सर्वेक्षण की कार्यवाही की जा रही है।<br>3. वर्तमान में उक्त स्थान पर भूस्खलन नहीं हो रहा है। रात्रि में जो लोग अपने परिजनों के घर रूके थे वह सभी अपने घर चले गये है।<br>4. सभी निवासरत परिवारों को सचेत रहने हेतु सूचित किया गया।<br><br>विस्तृत सर्वेक्षण आख्या पृथक से प्रेषित की जायेगी। |


➢ **उक्त भूस्खलन के संवेदनशील क्षेत्र में 22 परिवारों, 04 कार्यालय कर्मी एवं 04 दुकान तथा 03 राजकीय कार्यालय चिन्हित कर अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है–**

| **क्र.स.** | **परिवारों की संख्या** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | 09 | अपने रिस्तेदार/अन्य घरों में निवासरत |
| 2 | 10 | किराये के घरों में अन्यत्र निवासरत |
| 3 | 02 | धर्मशालाओं में निवासरत |
| 4 | 01 | राजकीय कार्मिक तैनात अन्यत्र तैनाती स्थल पर निवासरत |
| 5 | 04 | कार्यालय कार्मिक 03 बी0एस0एल0 कार्मिक एवं 01 सी0एम0ओ0 ऑफिस कर्मिक रात्रि में अन्यत्र निवासरत |
| 6 | 01 | सी0एम0ओं आवास वर्तमान में खाली है। |
| 7 | 04 दुकान | दुकान संचालन रात्रि में अन्यत्र निवासरत |
| 8 | 03 राजकीय कार्यालय/स्टोर | बी0एस0एन0एल कार्यालय, जलकल स्टोर व कार्यालय |
| **कुल 22 परिवार, 04 राजकीय कर्मी, 07 दुकान व राजकीय कार्यालय, 01 राजकीय आवास संवेदनशील क्षेत्र में चिन्हित किये गये है।** | | |
















<table>
<tr>
<td>

आपदाः वरुणावत पर्वत से गिरे बोल्डर, प्रशासन ने घरों को खाली करा

# उत्तरकाशी में आधी रात भूस्खलन से दहशत

प्रशासन अलर्ट

हाईवे से हटाया मलबा

भूस्खलन से डरे लोग</td>
<td>

दहशत : 21 साल बाद वरुणावत से फिर भूस्खलन, खौफ के

नर्स हत्याकांडः पुलिस पर कांग्रेस महिला कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य महिलाओं से धक्का-मुक्की और अभद्रता का आरोप

# महिला कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से भिड़ंत</td>
</tr>
<tr>
<td>दिनांक 28.08.20254 को प्रातः 6:14 बजे NIM बैण्ड मनेरा बाई पास के पास मार्ग मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभाग को जे0सी0बी0 भेजने हेतु अवगत कराया गया मार्ग को प्रातः 7:40 बजे सुचारु किया गया।</td>
<td></td>
</tr>
<tr>
<td>दिनांक 28.08.2024 को प्रातः 7:53 बजे आईटीबीपी महिडंडा रोड धसने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही लो0नि0वि0 उत्तरकाशी के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 01जे0सी0बी0 के द्वारा सांय 5:16 बजे सुचारु किया गया।</td>
<td></td>
</tr>
</table>

**दिनांक 29.08.2024 को प्रातः 6:41 बजे यमुनोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू से आगे मलवा आने के कारण अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव रानी कंस्ट्रक्शन कंपनी धरासू के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग को 01 जे0सी0बी0 के माध्यम से प्रातः 8:06 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 29.08.2024 को प्रातः 8:15 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान मनेरी नलुणा से आगे बोल्डर गिरने के** कारण मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सूचना से अवगत कराया गया मार्ग पर 01 जे0सी0बी0 के द्वारा प्रातः 9:53 बजे सुचारु किया गया।







**दिनांक 29.08.2024 को सचिव महोदय, आपदा प्रबन्धन ने जनपद उत्तरकाशी मे वरुणावत पर्वत के गोफियारा क्षेत्र** के ऊपर हुए भूस्खलन के सम्बन्ध में जनपद का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान भूस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मे बैठक के दौरान एंव आपदा कंट्रोल रुम के निरीक्षण के दौरान भूस्खलन का मलवा व पत्थर आबादी क्षेत्र तक प पहुंचे इसके लिए सुरक्षा दीवार व रेलिंग का निमार्ण कर दोहरी सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ ही आधुनिक तकनीको का उपयोग कर भूस्खलन के उपचार व रोकथाम के कार्य कराए जाने के निर्देश दिये गये।



















हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
अपना गढ़

आपदा प्रबंधन सचिव ने वरुणावत पर्वत से हुए भूस्खलन के बाद की स्थिति परखी, सुरक्षा दीवार

# खतरे वाले क्षेत्र से शिफ्ट किए जाएं ल

निरीक्षण



उत्तराखण्ड 5

# उत्तरकाशी में भूस्खलन का खतरा, सचिव आपदा प्रबंधन ने सुरक्षा उपायों को लेकर की बैठक

सचिव आपदा प्रबंधन ने कहा, सुरक्षा और उपचार कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे

**दिनांक 29.08.2024 को दोपहर 12:52 बजे** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान कल्याणी के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट एंव रानी कंस्ट्रक्शन के सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को अवगत किया गया उक्त स्थान होतु जे0सी0बी0 भेजी गयी वाहनों को सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षित स्थाने पर रोका गया मार्ग को दोपहर 1:31 बजे सुचारु किया गया।



वरूणावत पर्वत से लगे गुफियारा–जल संस्थान के कॉलानी के ऊँपर पहाड़ी में अतिवृष्टि से भूस्खलन का टी0एच0डी0सी0 से संयुक्त सर्वेक्षण हेतु शासन से अनुरोध किया गया।

दिनांक 30.08.2024 को प्रातः 6:14 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 7:16 बजे सुचारु किया गया।

दिनांक 30.08.2024 को प्रातः 6:40 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बडकोट से 5 किमी आगे खरादी के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा निर्माण खण्ड बडकोट के सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 7:17 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 30.08.2024 को प्रातः 6:40 बजे यमुनोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग कुथनोर के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र निर्माण खण्ड बडकोट के सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करने हेतु जे0सी0बी0 भेजी गयी मार्ग को प्रातः 9:10 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 31.08.2024 को जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को कॉलर द्वारा सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति ने** जोशियाड़ा झूला पुल से भागीरथी नदी मे छलांग लगाने की सूचना प्राप्त हुयी उक्त व्यक्ति की खोजबीन हेतु एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0, पुलिस एंव आपदा प्रबन्धन के क्यू0आर0टी0 टीम के द्वारा घटनास्थल से लेकर जोशियाडा झील/बैराज तक नदी के दोने और खोजबीन की गयी। परन्तु लापता व्यक्ति का पता नही चल पाया।





**दिनांक 3108.2024 को उत्तरकाशी लम्बगांव मोटर मार्ग देवराना के पास एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान हेतु एस0डी0आर0एफ0, पुलिस, 108 एम्बुलेंस, आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 टीम रवाना किया गया। उक्त घायल व्यक्ति को 108 के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया जिन्हे हल्की चोट आयी थी।



| Road Status Summary of Uttarkashi | | | | | | | | | | | | | 31/08/2024 08:35:28 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | PD PWD Uttarkashi | S.H. | Kamad Dharatari Chaniyala Budhakedar Ayarkhal state highway - SH073 (Ch. 0.000 to 17.800) | Er. Manendra Rajput 9758111200 | Mr Narendra Rawat 8868869940, | Er Rajneesh Kumar 7830291398 | JCB(P) | Mr. Chatar Singh 7819875163 | Closed | 30/08/2024 | | | | Scupper damaged |
| 2 | 74 | PD PWD BHATWARI | S.H. | Uttarkashi Ghansali Tilwara Motor Road (18 Km) | Er. Dharamveer singh /9412675072 | Er. Ashish Bharti / 7895172185 | Er Neeraj Kumar Agarwal 9412139795 | JCB | Mr. kulveer singh/ 8126118104 | Closed | 31.08.2024 6:00 | 31.08.2024 11:00 | jcb | | due to slip in km 10 |
| 3 | 80 | PD PWD BHATWARI | V.R. | Maneri Jakhol Motor Road (11.75 Km) | Er. Anil Kumar, 9837785278 | Er. Ashish Panwar / 6397823353 | Er Neeraj Kumar Agarwal 9412139795 | JCB | Mr. kulveer singh/ 8126118104 | Closed | 31.08.2024 6:00 | 31.08.2024 16:00 | jcb | | due to slip in km 9 |
| 4 | 83 | PD PWD BHATWARI | V.R. | Bhela Tipri to Sura Sari Motor Road (9.225 Km) | Er. Anil Kumar, 9837785278 | Er. Ashish Panwar / 6397811405 | Er Neeraj Kumar Agarwal 9412139795 | JCB | Mr. kulveer singh/ 8126118104 | Closed | 31.08.2024 6:00 | 31.08.2024 14:30 | jcb | | due to slip in km 7, 8 |
| 5 | 157 | C.D PWD Barkot | V.R. | Foolchatti-Jankichatti MTR 3.40 km | Er. Dhwajveer Singh 8938904177 | Er. Arvind Rawat 8755660047 | Er. Manohar Singh 8755846037 | JCB | Mr. Naresh singh 9410557542 | Closed | 23/08/2024 | 31/08/2024 | | | Washout |
| 6 | 198 | C.D PWD Barkot | V.R. | Rikhar Khad- rikhau Village of Naugaon Block MTR 8.24 km | Er. Jugal Kishor 9012523125 | Er. Rahul sani 9997158615 | Er. Manohar Singh 8755846037 | | Mr. Naresh singh 9410557542 | Closed | 30/08/2024 | 31/08/2024 | JCB | | Slip |
| 7 | 199 | C.D PWD Barkot | V.R. | Jandra-Molagaon-Godar Kiosegaon-Matadi-Khirmu Missing link MTR 8.250 km | Er Jugal Kishor 9012523125 | Er. Rahul sani 9997158615 | Er. Manohar Singh 8755846037 | JCB | Mr. Naresh singh 9410557542 | Closed | 30/08/2024 | 31/08/2024 | JCB | | Slip |
| 8 | 333 | PMGSY ID PUROLA | V.R. | Kamal River to Gundiyatgaon MR Upgradation | Er. Y.K. Singh/7417554530 | Anantram sharma/ 7895833215 | Er. Y.K. Singh/7417554530 | JCB | Anil Thapa/7936085519 | Closed | 5.08.2024, | 31.08.24 5:00 pm | | | washout 50 mtr at km 2 |
| 9 | 347 | PMGSY ID PUROLA | V.R. | Panw - Sirga Motor Road | Er. Lokesh Kumar/ 9634372954 | Anantram sharma/ 7895833215 | Er. Y.K. Singh/7417554530 | JCB | Jaipal Panwar/9389434062 | Closed | 05/07/24, 18:00 | 5/09/2024, 17:00 P9 | JCB, Poclain | | |

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त निजी परिसम्पत्तियों का विवरण–

| तहसील / उप तहसील | मृतक | घायल | लापता | पशु | | गौशाला | भवन | | घरेलू सामग्री क्षति (परिवारों की संख्या) आहेतुक राशि | कृषि एवं भूमि क्षति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | छोटे | बड़े | | पूर्ण / तीक्ष्ण | आंशिक | | |
| कुल योग | 10 | 7 | 03 | 91 | 52 | 9 | 33 | 200 | 201 | 952 परिवारों के कुल 202 हे0 भूमि / फसल क्षति |

उपरोक्त प्रभावित परिवारों को रू0 160.00 लाख की धनराशि वितरित की गयी है।

वर्ष 2024–25 में प्राकृतिक आपदा से हुयी विभागीय क्षति का विवरण एवं अनुमानित लागत

| Name of Department/Divison | Type of Work | NO. Works | Estimated cost (in Lac) |
|---|---|---|---|
| PMGSY Uttarkashi | Road | 45 | 660 |
| JAL Sansthan | Source and Supply main etc. | 98 | 238.18 |
| ID uttarakashi | Canal | 49 | 162.39 |
| | Flood Protection work damage | 62 | 353.5 |
| | Embakment | 23 | 1925.12 |
| UPCL Uttarkashi | Pole -125 Line-19.75 KM | 58 | 51.868 |
| UPCL Barkot | Pole -199 Line-19.44 K.M. | 67 | 55.96 |
| ID Purola | Flood Protection work damage | 13 | 511.78 |
| | Canal | 72 | 159.85 |
| PWD Purola | Slip and Boulder's and damage Retaining wall | 54 | 473.5 |
| PWD Barkot | Slip and Boulder's and damage Retaining wall | 264 | 344.09 |
| PWD Chinyalisaur | Slip and Boulder's and damage Retaining wall | 126 | 239 |
| PMGSY Chinyalisaur | Damage Protection wall Slip and boulder | 13 | 650 |
| PWD Uttarkashi | Slip & Boulders and Protection wall | 35 | 180 |
| PWD Bhatwari | Slip & Boulders | 20 | 71.07 |
| **Total** | | | **6076.308** |

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद के श्री यमुनोत्री धाम एवं जानकीचट्टी एवं सिरी, बरसाली आदि क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण हुयी क्षतियों के दृष्टिगत जन–जीवन की सुरक्षा हेतु तत्कालिक सुरक्षात्मक कार्य/नद चैनलाईजशन कार्यों की नियमित मॉनिटिरिंग की गयी–















# यात्रा कन्ट्रोल रूम (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी)

आगामी चारधाम यात्रा–2024 के दृष्टिगत श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम की यात्रा प्राराम्भ होने के पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द, उत्तरकाशी में यात्रा कन्ट्रोल रूम स्थापित है। कन्ट्रोल रूम 7X24 घंटे कार्यशील रखते हुये कार्मिक शिफ्टवार तैनात हैं। कन्ट्रोल रूम में शिकायत/सुझाव पंजिका तैयारी की गयी है। सम्बन्धित शिकायत/सुझाव दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय करते हुये शिकायत/सुझाव पर अपेक्षानुसार कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रा में आयो यात्रियों का विवरण/सूचना दैनिक रूप से प्रेषित किया जाता है तथा मौसम सम्बन्धी पूर्वानुमान की सूचना जारी की जाती है। इसके अतिरिक्त श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़ाव पर स्थापित सी0सी0टी0वी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाती है–

(i) जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी में बी0एस0एन0एल के अतिरिक्त विभिन्न नेटर्वक के मोबाइल नम्बर निम्न विवरणानुसार सम्पर्क हेतु उपलब्ध है–

## District Emergency Operation Center Uttarkashi (DEOC)

**Phone:** + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free),

**FAX:** + 91 - 1374 - 222722 (Off)
**Mobile.:** + 917500337269 (Idea)+ 917310913129 (Airtel)

**Mail Id:** ddmauttarkashi@gmail. com






# यात्रा कन्ट्रोल रूम
# (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र), उत्तरकाशी।

Phone: + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile.: + 917500337269, 7252887587, 7310913129 (Office)

## श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–112

दिनांक–31.08.2024 समय–सांय 7:00 बजे।
(सांय 6:30 बजे तक विगत 24 घण्टों की सूचना)

### यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक–31.08.2024) | | | | अब तक प्रगतिशील यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | बच्चे | योग | पुरुष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 905 | 656 | 25 | 1586 | 278917 | 235227 | 12377 | 526521 |
| श्री गंगोत्री धाम | 514 | 373 | 12 | 899 | 359688 | 241319 | 9986 | 610993 |
| योग | 1419 | 1029 | 37 | 2522 | 638605 | 476546 | 22363 | 1137514 |

### वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक–31.08.2024) | | | | अब तक प्रगतिशील वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 22 | 120 | 09 | 151 | 9158 | 36238 | 4830 | 50226 |
| श्री गंगोत्री धाम | 09 | 89 | 05 | 103 | 9523 | 44748 | 10215 | 64486 |
| योग | 21 | 209 | 14 | 254 | 18681 | 80986 | 15045 | 114712 |

### गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | प्रगतिशील योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | | | |
| 31.08.2024 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 6309 |

### जनपद में वर्षा का विवरण (मि0मी0 में

आज सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घण्टे में हुयी वर्षा सम्बन्धी रिपोर्ट–

| जिला मुख्यालय | तहसील भटवाड़ी | तहसील डुण्डा | तहसील चिन्यालीसौंड | तहसील बड़कोट | तहसील पुरोला | तहसील मोरी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 05.00 | 00.00 |

मौसम– वर्तमान समय में जनपद मुख्यालय, तथा जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में एवं गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में मौसम साफ है।

### सड़क मार्गों की स्थिति

| क्र.स. | जनपद में स्थित मार्गों का प्रकार | कुल मार्गों की संख्या | अवरूद्ध मार्गों की संख्या | अवरूद्ध मार्ग का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग–NH | 03 | — | — |
| 2 | राज्य मार्ग– SH | 06 | — | — |
| 3 | मुख्य जिला मार्ग–MDR | 08 | — | — |
| 4 | अन्य जनपद मार्ग–ODR | 06 | — | — |
| 5 | ग्रामीण मोटर मार्ग–VR | 317 | 02 | 02 |
| | कुल योग | 340 | 02 | 02 |

नोट– जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा मार्ग यातायात हेतु सुचारू हैं।

### यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण–

| धाम | दिनांक 29.08.2024 को | | क्रमिक योग | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल यात्रियो की संख्या जिनके स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गयी | कुल यात्रियों की संख्या जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया | स्क्रीनिंग | स्वास्थ्य परीक्षण |
| श्री यमुनोत्री धाम | 290 | 137 | 216525 | 22580 |
| श्री गंगोत्री धाम | 690 | 122 | 301425 | 17714 |
| योग | 980 | 259 | 517950 | 40294 |

मौसम विभाग से दिनांक 31.08.2024 को प्रातः 10:00 बजे का बुलेटिन (ई–मेल से प्राप्त सूचना के अनुसार)

### 05 दिनों की जनपद में मौसम चेतावनी–

| जनपद | 31.08.2024 | 01.09.2024 | 02.09.2024 | 03.09.2024 | 04.09.2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरकाशी। | कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर की सम्भावना। | कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर की सम्भावना। | कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर की सम्भावना। | कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर की सम्भावना। | कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर की सम्भावना। |

इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रा/विभिन्न बैठकों में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार प्रतिभाग किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः</u>— निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन),उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
5. संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ,उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
6. अधिशासी निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून।
7. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
8. अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।